इकतारा बोले

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)
9394290204

महान कौन... महिष या मस्तिष्क?

भैया मुझे एक सवाल सता रहा है क्या आप उसका जवाब दे सकेंगे?

कोशिश करूंगा छोटू! चलता फिरता एनसाइक्लोपीडिया तो नहीं समझ लिया तुमने मुझे?

न भैया! आप मुझसे ज्यादा जानकार हैं। अनुभवी हैं इसलिए। मेरा सवाल यह है कि अक्ल बड़ी कि भैंस?

इस सवाल का जवाब अलग अलग संदर्भों में अलग अलग होता है। बोलो किस संदर्भ में यह प्रश्न है?

सामान्य रूप से पूछ रहा हूं, अचानक यह बात मेरे मन में आई।

अक्ल या भैंस से बड़े तो तुम ही हो छोटू!

मैं बीच में कहां से आ गया भैया? मैं तो सवाल में हूं ही नहीं।

सवाल पूछ रहे हो न इसलिए तुम भी हो इसमें। तुम में अक्ल भी ज्यादा है, भैंस सा शरीर भी है। हां रंग भैंस का नहीं है, तो बड़े तो तुम्हीं हुए न!

भैया! मेरी बात छोड़िए सही जवाब दीजिए न?

यही बात किसी नेता से पूछो तो क्या कहेगा। भैंस बड़ी है क्योंकि वह बहुत उपयोगी है, दूध देती है, बच्चे देती है। दूधों नहाओ पूतों फलो के आशीष को सच करती है। अक्ल का क्या है? जिसमें अक्ल होती है वह नेता नहीं बन सकता सिर्फ एक मध्यमवर्ग जीव बनकर रह जाता है।

सही तर्क देता है नेता।

तभी तो वह नेता हुआ। उसको पैसे, पावर और अपना परिवार चाहिए जो उसे बिना अक्ल के मिल जाते हैं तो फिर?

यही प्रश्न किसी विद्वान से पूछोगे तो वह कहेगा अक्ल, बुद्धि, विद्वत्ता ही श्रेष्ठ है। उसका उपयोग कर कई भैंसें ही नहीं बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। विद्वान भैंस को बड़ा नहीं मानेगा।

यह बात भी सही है। अगर किसी जरूरतमंद बेरोजगार से पूछें तो?

वह कहेगा भैंस दे दो। अक्ल का तो मैंने अचार बना रखा है। भैंस की देखभाल करूंगा और अपनी जीविका चलाऊंगा। भैंस बड़ी है अक्ल से।

सही है भैया। उसके हिसाब से यही सही जवाब है।

मैंने कहा न संदर्भों और स्थितियों के हिसाब से जवाब बदलते हैं और सही लगते हैं। यही सवाल अगर किसी मंत्री से पूछोगे तो क्या जवाब होगा छोटू?

यही जो नेता का जवाब था।

न। मंत्री कहेगा अक्ल आप रखलो और मेरी तरफ से भैंस भी। लेकिन इस तरह के क्लिष्ट सवाल मुझसे न पूछा करो। अब चलते बनो।

आप बताओ भैया। आपका अपना व्यक्तिगत जवाब क्या होगा?

मैंने बताया न। तुम दोनों से बड़े हो। खैर एक कहानी बताता हू। गौर से सुनो और तुम खुद ही फैसला कर लो।

चार मित्र गुरु के पास शिक्षा प्राप्त करने गए। तीन बड़ी कुशाग्र बुद्धि के थे। चौथा मंद बुद्धि था। जब शिक्षा पूरी हुई सारे मित्र वापस अपने गांव की ओर पैदल जा रहे थे। जंगल के रास्ते में उन्हें बहुत सारी हड्डियां एक जगह पड़ी मिलीं। सभी ने उसे देखा। पहले ने कहा ये शेर की हड्डियां हैं। मैं इसे फिर से शेर के आकार में बना सकता हूं और उसने शेर के पूरे अस्थिपंजर को बना डाला। दूसरे ने कहा मैं इसमें मांस मज्जा और सारे शरीर की संरचना भर दूंगा। उसने वैसा ही किया। तीसरे ने कहा इस मृत शेर में मैं प्राण फूंक दूंगा। इससे पहले वह कुछ कर पाता उनके मंदबुद्धि मित्र ने कहा ...नहीं ऐसा मत करो शेर जिंदा होगा तो हम सबको खा जाएगा। तीनों मित्र हंसने लगे और कहा हम तो उसके जीवनदाता हैं, हमें क्यों खाएगा? मंदबुद्धि मित्र ने कहा अगर ऐसा है तो मुझे उस ऊंचे पेड़ पर चढ़ जाने दो। फिर तुम लोग चाहो जो कर लेना कहकर वह पास के ऊंचे पेड़ पर चढ़ गया।

तीसरे ने उस शेर के मृत शरीर में प्राण फूंके। शेर जीवित हो उठा और तीनों पर हमला करके उन्हें मार डाला और जंगल के अंदर भाग गया। पेड़ से उतरकर चौथे ने आंसू बहाए और रोते हुए अपने गांव की ओर चल पड़ा। अब तुम बताओ कौन बड़ा हुआ?

बाग पुलिस ने साली के हत्यारे जीजा को महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार

बाग। दिनांक 12.07.2026 को ग्राम रिसावला बाग की 12 वर्षीय नाबालिग बालिका के गायब होने और संदेही सगा जीजा अनिल पिता शेरसिंह भील निवासी सेवरिया जोबट द्वारा भगाकर ले जाने की सम्भावना व्यक्त करने पर अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। दौरान तलाश के बलिका की लाश पाडलिया घाटी वन विभाग के कुए में मिलने पर मर्ग पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया, बालिका की लाश संदिग्ध परिस्थिति में चारों तरफ से सीमेंट की दीवार से बने कुए में मिलने से घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर व एसडीओपी कुशी श्री सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हिरसिंह रावत एवं बाग पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए संदेही आरोपी अनिल की तलाश करते गुजरात तरफ जाने की सूचना पर एक टीम गुजरात भेजी गई जहां तलाश करते गुजरात से महाराष्ट्र तरफ भागने की सूचना मिली। फिर दूसरी टीम महाराष्ट्र भेजी गई, वहाँ से भी भागने पर टीम द्वारा पीछा कर शाहदा महाराष्ट्र में घेराबंदी कर पकडा।

पुलिस कार्रवाई मर्ग जाँच एवं विवेचना के दोरान पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी अनिल माह फरवरी 2026 में इन्स्टाग्राम से दोस्ती कर मृतक बालिका के बड़ी बहन को भगाकर शादी की थी। वर्तमान में पत्नी बड़ी बहन के घर मेहमान जाने और वापस आने से मना करना तथा परिवार जन द्वार रिस्ता तोड़ने की बात करने पर गुस्से में आकर अपनी 12 वर्षीय साली को जान से मारने

की नियत कुए जंगल में बने कुए में धक्का देकर घटना कारित कर जंगल के रास्ते से घाटी पर जाकर बस में बैठकर गुजरात भाग गया था। इसी दौरान सूचना मिली की आरोपी मोरबी गुजरात तरफ गया हुआ है सूचना पर एक टीम गुजरात भेजी गई जहाँ से भी आरोपी भागने का प्रयास करते शाहदा महाराष्ट्र में पीछा कर आरोपी को पकड़ा गया। बाद पूछताछ के आरोपी को गिरफ्तार कर दिनांक 16.07.2026 को माननीय न्यायालय कुक्षी के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है गिरफ्तार आरोपी अनिल पिता शेरसिंह दोहदिया जाति भील उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सेवरिया दालर्न्जा फलिया थाना जोबट जिला आलीराजपुर उक्त उल्लेखनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी बाग निरीक्षक हिरसिंह रावत, उप निरीक्षक प्रमिला जमरे, सहायक उप निरीक्षक कमलेश राठोडिया, लोकेश रायपुरिया, दशरथ चौहान, प्रधान आरक्षक भावसिंह रावत, लोकेश शुक्ला, सखाराम गोखले, आर. राजू चौहान, मुकेश किराड, सीताराम डोडवे, दुर्गेश चौहान, सायबर सेल के प्रशांत चौहान की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बेरहम आरोपी को मिले कड़ी सजा- मासूम बच्ची को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को लेकर मासूम के परिजनों ने कहा की बहुत ही दर्दनाक घटना से उस बच्ची को मारकर इसे क्या मीला जिसकी इस घटना से रिश्ते तार तार हो गये एसे बेहरम आरोपी को फांसी की सजा होना चाहिए नहीं तो उम्र कैद की सजा तो जरुर होना चाहिए।

धार पुलिस की मुस्तैदी

बड़ी वारदात का पर्दाफाश 6 दिन में तीन आरोपी गिरफ्तार

तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर तंत्र और टीम वर्क के दम पर बड़ी सफलता, मुख्य आरोपी की तलाश जारी

धार (राजीव जोशी)। शहर के कैलाश नगर स्थित युवा शराब व्यवसायी विकास सिंह ठाकुर के घर हुई लाखों रुपये की चोरी एवं तोड़फोड़ की सनसनीखेज वारदात का कोतवाली पुलिस ने मात्र छह दिनों में सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त वाहन सहित चोरी गया सामान भी बरामद किया है। वहीं इस मामले का मुख्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक

ईश्वर सिंह चौहान के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर लगातार जांच करते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई। पुलिस ने इस कार्रवाई में तीन आरोपि कुंदन मालवीय लेबड , गौरव परमार बगदून और जितेंद्र बेलदा मांडू गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की, जिसमें उन्होंने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया माल तथा घटना में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों का जुलूस भी नगर में निकला ताकी आमजन इन आरोपियों को पहचाने, इस मामले में मुख्य आरोपी की तलाश जारी है और पुलिस का कहना है कि उसे भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कार्रवाई ने एक बार फिर साबित किया है कि अपराध कितना भी सुनियोजित क्यों न हो, पुलिस की सतर्कता, तकनीकी दक्षता और मजबूत टीम वर्क के सामने अपराधी अधिक समय तक बच नहीं सकते। पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक ईश्वर सिंह चौहान सहित पुलिस टीम की सक्रियता और समन्वय सराहनीय रहा। धार पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। पुलिस का उद्देश्य अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम रखना है।

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मनावर में जागरूकता कार्यक्रम

धार। जिला खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत, 'नशा मुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज' के निर्माण के उद्देश्य से संदीपनि विद्यालय, मनावर के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्री विशाल दामके ने विद्यार्थियों को 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' जन-जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक पूरे जिले में संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री दामके ने कहा कि वर्तमान में युवाओं और छोटे बच्चों में बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन चिंता का विषय है। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को नष्ट करती है, बल्कि यह सड़क दुर्घटनाओं और महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों का एक प्रमुख कारण भी है। उन्होंने छात्रों को सचेत किया कि ग्रामीण परिवेश से शहरों में उच्च शिक्षा हेतु जाने वाले विद्यार्थी अक्सर चकाचौंध और गलत संगत में पड़कर अपना भविष्य दांव पर लगा देते हैं। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता के संघर्ष और सपनों को याद रखें और अनुशासित जीवन जिएं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया: 'नशे से दूरी है जरूरी, स्वस्थ युवा ही राष्ट्र की मजबूती।' इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य श्री सोहन शिंदे, विद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पीजी कॉलेज धार में बीकॉम रिटेल ऑपरेशन मैनेजमेंट के प्रथम बैच के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप का अवसर

धार। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार में सत्र 2024- 25 से उच्च शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी एईडीपी योजना के तहत बीकॉम रिटेल ऑपरेशन मैनेजमेंट पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया था अब इस पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष बेच के विद्यार्थी अपने अंतिम वर्ष सत्र 2026- 27 में इंदौर की प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप हेतु भेजे जाएंगे। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को अपने विषय का सैद्धांतिक ज्ञान लागू करने का अवसर मिलेगा जिससे वह उद्योगों की कार्य प्रणाली को निकट से समझते हुए व्यवहारिक कौशल विकसित कर सकेंगे इससे विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा वह भविष्य की चुनौतियों के लिए अधिक सक्षम बनेंगे। इस पाठ्यक्रम की प्रमुख विशेषता यह है कि विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान 12000 प्रति माह स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा जिससे उन्हें प्रशिक्षण के साथ-साथ आर्थिक सहयोग भी प्राप्त होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस एस बघेल ने बताया कि एईडीपी पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को उद्योग में आवश्यकता के अनुसार कौशल प्रदान करने की दिशा में इस योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, उद्योगों का अनुभव तथा रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे । इसके साथ ही बीएससी हेल्थ केयर एंड मैनेजमेंट पाठ्यक्रम का भी संचालन पीजी कॉलेज में किया जा रहा है जिसमें बीएससी वाले विद्यार्थी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर इसका लाभ उठा सकते हैं।

शिक्षण संस्थानों में गूंजा नशामुक्त भारत का संकल्प

धार। नशामुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत आज दूसरे दिन जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी, धार के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के घातक दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था।

विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ- आज के कार्यक्रमों की मुख्य कड़ी में सभी संस्थानों में विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई

गई। छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं को नशे से दूर रखेंगे, बल्कि समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

नंबर नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने हेतु विद्यालयों में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों और शिक्षकों ने रील, शॉर्ट फिल्म, नुक्कड़ नाटक और वीडियो प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। इन प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों को नशे की भयावहता के प्रति संवेदनशील बनाने का कार्य किया।

अधिकारियों द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग- जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि नशामुक्ति पखवाड़ा के तहत आयोजित होने वाली प्रत्येक गतिविधि की गुणवत्ता उच्च स्तरीय होनी चाहिए। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और बीआरसी को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के समस्त विद्यालयों में इन गतिविधियों की निरंतर मॉनिटरिंग करें। कार्यक्रम की उत्कृष्ट गुणवत्ता वाली फोटोग्राफ और वीडियो संबंधित जिला समूहों में साझा किए जा रहे हैं ताकि इस संदेश को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुँचाया जा सके। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की ओर से समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस नशामुक्ति अभियान में अपना सहयोग दें और एक स्वस्थ, समृद्ध और नशामुक्त समाज के निर्माण में भागीदार बनें।

इश्मित को प्रोत्साहन हेतु जिला प्रशासन ने 51 हजार का चेक दिया

धार। खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कटिबद्ध जिला प्रशासन द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नन्हे शटलर अंडर 13 ऑल इंडिया बैडमिंटन विजेता इश्मित अरोरा को और बेहतर खेल सुविधा दिलाने के उद्देश्य से परिजनों को जिला कलेक्टर राजीव रंजन मीना द्वारा मोयरा सरिया के सीआरएस फंड से प्रदाय 51 हजार का चेक आज गुरुवार को प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री

मीना ने कहा कि खिलाडियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उनके पालकों का अहम योगदान होता है, प्रोत्साहन से ही खिलाडी आत्म विश्वास के साथ उत्साहपूर्वक मेहनत कर खेल में निखार लाते है। इस अवसर पर इश्मित अरोरा की माता श्रीमती शिखा अरोरा, पिता लक्की अरोरा, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष प. छोटू शास्त्री, धार लिटिल शटलर वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष शरदचंद्र निगम, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव सलीम खान उपस्थित थे। इस अवसर पर बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा जिला प्रषासन द्वारा नन्हें शटलर को प्रोत्साहित किए जाने पर आभार व्यक्त किया गया।

दस्तक अभियान में स्वास्थ परीक्षण

बाकानेर। दस्तक अभियान के अंतर्गत मुख्य विकासखंड चिकित्सा अधिकारी कुलदीप कुमार नाग मेडिकल ऑफिसर डॉ वीरेंद्र कुमार धार्वे के मार्गदर्शन में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए का घोल पिलाया बच्चों का वजन लिया गया सेम, मेंम बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, ओआरएस के का पैकैट और आयरन सायरप का वितरण किया गया । इस अवसर पर स्वास्थ कार्यकर्ता ललिता बरडे ,शारदा अलावा ,आशा कार्यकर्ता सैयद रेहाना अली,वंदना मंडलोई,चंदा वर्मा,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,फरजाना सैयद का सराहनीय योगदान रहा।

धार जिला माहेश्वरी सभा के चुनाव निर्विरोध संपन्न: सोमानी अध्यक्ष और पलौड़ बने सचिव

बदनावर (इंदौर समाचार)। अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा एवं प्रादेशिक पश्चिमांचल माहेश्वरी महासभा के अंतर्गत धार जिला माहेश्वरी सभा के त्रैवार्षिक चुनाव बुधवार को घाटाबिल्लौद के एक निजी गार्डन में घाटाबिल्लौद में सर्वसम्मति के साथ संपन्न हुए। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्धारित पदों के लिए प्राप्त आवेदनों के अतिरिक्त अन्य कोई आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण पूरी निर्वाचन प्रक्रिया सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुई। यह निर्वाचन प्रक्रिया समाज के वरिष्ठ परामर्शदाता घनश्याम जाजू, मुख्य चुनाव अधिकारी प्रमोद शारदा, सहायक निर्वाचन अधिकारी कपिल माहेश्वरी एवं पर्यवेक्षक गिरधर शारदा के कुशल निर्देशन में

विधिपूर्वक संपन्न कराए गए।

निर्वाचन प्रकिया के पूर्व अतिथियों द्वारा भगवान महेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर निर्वाचन प्रक्रिया शुरू की। पश्चात चुनाव अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी दी। उसके बाद सदन में ध्वनि मत से निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए मनोज सोमानी बदनावर मनोनीत किए गये वही सचिव पद पर मनोज पलोड राजगढ़ को नियुक्त किया गया नवगठित कार्यकारिणी में समाज के वरिष्ठ एवं ऊर्जावान सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संदीप झंवर गुड्डू बाग, उपाध्यक्ष पद पर उमाकांत चांडक टांडा, संजय सत्यनारायण अगाल बाग, संगठन मंत्री पद पर दिलीप बाहेती, कोषाध्यक्ष पद पर मधुसूदन बाहेती राजोद, संयुक्त सचिव पद पर दीपक चांडक एवं प्रचार मंत्री पद पर कमल धुत धार मनोनीत किए गए। वही धार जिला माहेश्वरी सभा के साथ-साथ अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा और पश्चिमांचल प्रादेशिक स्तर पर भी समाजजनों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई, जिसमें अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा हेतु प्रतिनिधि पद पर जय तापड़िया बाग को मनोनीत किया गया, तथा पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी सभा हेतु कार्यसमिति सदस्य रोहित झंवर बाग, कार्यकारी मंडल सदस्य पद पर शैलेंद्र लड्ढा सुसारी, राजेश अगाल पीथमपुर, श्याम भांगड़िया सागौर, प्रहलाद आगीवाल धामनोद, एवं प्रदीप अगाल बाग मनोनीत किए गए। जिला कार्यकारिणी के निर्विरोध निर्वाचन पर समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति और युवा संगठन ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पहारों से स्वागत किया। समाजजनों ने विश्वास जताया है कि नई टीम के नेतृत्व में धार जिले में माहेश्वरी समाज सेवा और संगठन के नए आयाम स्थापित करेगा। कार्यक्रम का संचालन रोहित झंवर बाग ने किया, स्वागत भाषण निवर्तमान अध्यक्ष नारायण लड्ढा ने दिया। आभार समाज के वरिष्ठ परामर्शदाता घनश्याम जाजू घाटाबिल्लौद ने माना।

नाम परिवर्तन की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **शिरिन पति अकील अली** था जो कि पुराना नाम है। अब मैंने मेरा नाम परिवर्तित कर नया नाम **शिरिन बोहरा पति अकील अली** रख लिया है तथा मेरा निवास का पता अम्बिका रोड, अमझेरा तहसील सरदारपुर जिला धार मप्र है। अब से मुझे मेरे नए नाम **शिरिन बोहरा पति अकील अली** के नाम से जाना एवं पहचाना व पुकारा जावे।

New name- Shirin Bohra
R/O Ambika Road, Amjhera Distt. Dhar MP 454441